NT>

Title: Need to run recently introduced super fast train between Ranchi and Mumbai via Hatia and Rourkela.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : उपाध्यक्ष महोदय, झारखंड के लोगों के लिए प्रसन्नता की बात है कि रांची मुम्बई के बीच इस सरकार ने झारखंड के लोगों की मांग को मानते हुए सुपरफास्ट रेल सेवा की शुरूआत की है जो गया हटिया इलाहाबाद होकर जाती है। झारखंड के लोगों को मुम्बई पहुंचने में 12 से 14 घंटे ज्यादा लगेंगे एवं इस मार्ग पर पहले से कई रेल सेवा कार्यरत हैं जिसके कारण इस रेल सेवा के अलोकप्रिय होने की संभावना अधिक है। अगर यह रेल सेवा रांची से हटिया, राऊरकेला होकर मुम्बई जाए, तो रेलवे को अतिरिक्त राजस्व मिलेगा तथा इन मार्गों पर रहने वालों को रांची तथा मुम्बई जाने में सुविधा मिलेगी। वर्तमान समय में इस मार्ग पर मुम्बई तथा रांची के बीच कोई सेवा नहीं है। अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि घोाति रांची-मुम्बई सुपरफास्ट का निर्धारित मार्ग बदलकर रांची हटिया-राऊरकेला-मुम्बई मार्ग किया जाए।